आका”ावाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.11.2026 **समयः 0705**

<><><><><><><><>

1. उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने दूर–संचार कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के लिए पानी परियोजना पर तेजी लाने पर विस्तार से चर्चा की।
2. मध्योत्तर अंडमान जिले में जिला योजना समिति की दो दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया।
3. उपराज्यपाल ने एनएचआईडीसीएल में एसोसिएट के पद के लिए चयनित द्वीपसमूह के 7 स्थानीय युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।
4. कन्यापुरम ग्राम पंचायत की ग्राम सभा बैठक 23 नवम्बर को आयोजित होगी।

<><><><><><><><>

भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के सचिव अमित अग्रवाल ने अन्य अधिकारियों के साथ उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा के साथ बैठक कर द्वीपसमूह में दूरसंचार और डिजिटल कनेक्टिविटी को और सुदृढ़ करने तथा दूरदराज के द्वीपों को बेहतर नेटवर्क सुविधाएं प्रदान करने से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान केंद्र सरकार की प्रस्तावित 'पानी' परियोजना के तहत द्वीपसमूह में सब–सी केबल नेटवर्क के विस्तार में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया

गया। इस परियोजना के तहत डिगलीपुर, मायाबंदर, शहीद द्वीप, चौरा, तेरेसा, कच्छाल, ननकौड़ी और लिटिल निकोबार सहित आठ द्वीपों को सब–सी केबल नेटवर्क के माध्यम से जोड़ा जाएगा। उपराज्यपाल ने प्रस्तावित नेटवर्क में डूगोंग क्रीक को शामिल करने और वहां एक केबल लैंडिंग स्टेशन स्थापित करने का सुझाव दिया। इसके अलावा, 'डिजिटल भारत निधि' के तहत 4जी संतृप्ति योजना पर चर्चा के दौरान, नेटवर्क कनेक्टिविटी से वंचित द्वीपसमूह के 87 गांवों को जनसंख्या के आधार पर प्राथमिकता देते हुए 4जी नेटवर्क से जोड़ने का प्रस्ताव रखा गया।

<><><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों के चलते उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा का आज कार निकोबार और कैम्पबेल बे का प्रस्तावित दौरा स्थगित किया गया है।

<><><><><><><><>

उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने द्वीपसमूह की ग्राम पंचायतों के लिए 18.62 करोड़ रुपये की मैचिंग ग्रांट जारी करने की मंजूरी प्रदान की है। यह मांग निर्वाचित प्रधानों द्वारा उपराज्यपाल के साथ शिष्टाचार भेंट के दौरान तथा सांसद बिष्णु पद रे द्वारा दिशा बैठक के दौरान उठाई गई थी। इस मामले को प्राथमिकता देते हुए उपराज्यपाल ने इस राशि को अपनी स्वीकृति दी है।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल श्री विजयपुरम स्थित सेंट मैरी स्कूल के 30वें स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय पारिवारिक संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों के महत्व पर विशेष जोर दिया। शिक्षा के साथ–साथ बच्चों में अनुशासन, बड़ों के प्रति सम्मान, सामाजिक जिम्मेदारी और पारिवारिक मूल्यों का विकास करना भी अत्यंत आवश्यक है। द्वीपसमूह में उच्च शिक्षा के अवसरों के विस्तार पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि प्रशासन द्वीपों के छात्रों को स्थानीय स्तर पर ही उच्च शिक्षा के अधिकतम अवसर प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने उल्लेख किया कि वर्तमान में बीबीए पाठ्यक्रम उपलब्ध है और भविष्य में द्वीपसमूह में इसी तरह के अन्य उच्च–स्तरीय और व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि प्रशासन सेवानिवृत्त शिक्षकों, विद्वानों और अनुभवी विशेषज्ञों की सेवाएं लेकर छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षाएं शुरू करने की योजना बना रहा है।

<><><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिले में जिला योजना समिति की दो दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सांसद, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला उपायुक्त और

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान, जिले से संबंधित विभिन्न विकास प्रस्तावों, क्षेत्र–वार आवश्यकताओं और प्राथमिकता वाले कार्यों की समीक्षा की गई। जिला परिषद सदस्यों ने अपने–अपने निर्वाचन क्षेत्रों की तत्काल विकासात्मक जरूरतों और बुनियादी ढांचे पर जानकारी देते हुए विभागीय हस्तक्षेप की आवश्यकता पर बल दिया। समिति ने वित्तीय वर्ष 2027–28 के लिए जिला कार्य योजना की सिफारिश की।

<><><><><><><><>

जिला परिषद दक्षिण अंडमान के अध्यक्ष पी. उमर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने लोक निवास, में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों से अवगत कराया। संस्कृति युवा संस्थान, जयपुर के अध्यक्ष पं. सुरेश एम. मिश्रा ने भी शिष्टाचार भेंट की। उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने एनएचआईडीसीएल की 'स्टेट स्पेसिफिक ग्रेजुएट स्कीम' के तहत एसोसिएट के पद के लिए चयनित द्वीपसमूह के 7 स्थानीय युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के भाजपा प्रभारी जय प्रकाश और अध्यक्ष अनिल तिवारी ने उपराज्यपाल से मुलाकात कर डिगलीपुर और आसपास के क्षेत्रों में सड़कों की खराब स्थिति, गैस सिलेंडरों की कमी तथा कदमताला और उत्तरा में

पेयजल की समस्या पर चर्चा की। शिक्षक कल्याण फाउंडेशन, दिल्ली के प्रदेश सचिव नवीन गुप्ता और एनसीईआरटी, दिल्ली के सहायक प्रोफेसर डॉ. रेजाउल करीम ने उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से मुलाकात की तथा द्वीप समूह में शिक्षकों के प्रशिक्षण और फाउंडेशन द्वारा आयोजित किए जाने वाले शैक्षिक उत्कृष्टता कार्यक्रम की विस्तृत योजना पर चर्चा की। इसके अलावा, क्रॉस टाउन न्यूज के प्रधान संपादक राहिल गुप्ता ने भी उपराज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की।

<><><><><><><><>

कन्यापुरम ग्राम पंचायत की ग्राम सभा की बैठक 23 नवंबर को सुबह 10 बजे सामुदायिक भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक में वर्ष 2027–28 की वार्षिक विकास योजना का प्रारूप तैयार करने पर चर्चा होगी। इसमें विभिन्न सरकारी विभागों से संबंधित विकास कार्यों को भी शामिल किया जाएगा। इसके अलावा वीबी जी राम जी की वर्ष 2027–28 की वार्षिक योजना के प्रारूप पर भी विचार–विमर्श किया जाएगा।

<><><><><><><><>

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान में तैयार पहले स्वदेशी एच5एन1 बर्ड फ्लू टीके को राष्ट्र को समर्पित किया। श्री चौहान ने पशु स्वास्थ्य क्षेत्र में इसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

उन्होंने कहा कि यह टीका मुर्गी पालन क्षेत्र की सुरक्षा और मुर्गी पालकों की आजीविका को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह को एक प्रमुख वैश्विक एस्ट्रो–टूरिज्म गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में कदम उठाते हुए, पर्यटन निदेशालय ने कोयंबटूर स्थित मैसर्स सीएसटीईआरसी टेक्नो साइंस एलएलपी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता द्वीपसमूह में चिन्हित पांच स्थानों प्रभाष मुंडी, बालू डेरा, चिड़ियाटापू, शोल बे और रामनगर समुद्र तट के लिए 'इंटरनेशनल डार्क स्काई प्लेसेस' कार्यक्रम के तहत चरण–1 के आवेदन तैयार करने और जमा करने हेतु तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। यह पहल प्रशासन की समर्पित एस्ट्रो–टूरिज्म नीति का एक प्रमुख स्तंभ है, जो जिम्मेदार खगोल–पर्यटन, डार्क–स्काई संरक्षण और टिकाऊ रात्रिकालीन पर्यावरण प्रबंधन के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती है।

<><><><><><><><>

कर्मचारी चयन आयोग की ओर से दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में सब–इंस्पेक्टर परीक्षा 2026–पेपर 1, दिल्ली पुलिस और सीएपीएफ में सब–इंस्पेक्टर परीक्षा, 2025 (पेपर–2) तथा जूनियर इंजीनियर (दूरसंचार) परीक्षा,

2026 का आयोजन 23 से 28 नवंबर और 30 नवंबर से 1 दिसंबर तक किया जाएगा। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के ई–प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><><>